साझी जगह

समनेट इंडिया
सस्टेनेबल अरबन मोबिलिटी नेटवर्क

स्ट्रीट डिजाइन ऐसी होनी चाहिए जो पैदल चलने वालों और पथ-विक्रेताओं के बीच के सहजीवी संबंध को समझे और उसे सुगम बनाये।

१. पथ-विक्रेता (जीविका का संरक्षण और पथ-विक्रय का विनियमन) अधिनियम, २०१४ सार्वजनिक क्षेत्रों में पथ-विक्रेताओं को विनियमित करने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संसद द्वारा बनाया गया एक अधिनियम है।

२. राष्ट्रीय शहरी परिवहन नीति, २००६ पैदल चलने वालों और साइकिल चालकों के अधिकारों को मान्यता देती है और उनके आवागमन के लिए सड़क पर पर्याप्त स्थान और सुविधाओं के सृजन की पैरवी करती है।

पथ-विक्रय के लाभ

- रोजमर्रा से जुडी विविध वस्तुएँ व सेवाएँ आसानी से और सस्ते में उपलब्ध
- लाखों लोागों की आजीविका का साधन अब पथ-विक्रेता अधिनियम, २०१४ द्वारा मान्य
- सूनी सडकों पर अकेले चलने की तुलना में पथ-विक्रेताओं और ग्राहकों की उपस्थिती से सडक पर सुरक्षा बनी रहती है।
- पथ-विक्रेताओं की चहल - पहल से शहरी स्थानों और मुहल्लों का एक खास चरित्र बन जाता है।

पथ विक्रय क्षेत्र

नगर निगमों से उम्मीद की जाती है कि वे शहर में वेंडिंग झोन (पथ-विक्रेता क्षेत्र) बनाएँगे जिनमें सफाई और स्वच्छता की उचित व्यवस्थाएँ भी होंगी।

क्या

१. पथ-विक्रेताओं, पैदल चलने वालों, पेड़ों और उपयोगिताओं के लिए पर्याप्त स्थान - पैदल चलने वालों और पथ-विक्रेताओं के बीच कोई विवाद नहीं होना चाहिए क्योंकि दोनों के अधिकारों को समझने और स्वीकार करने की आवश्यकता है।

२. कचरे और मैले पानी के प्रबंधन से संबंधित सेवाएं पथ विक्रेताओं के साथ चर्चा करके नगर पालिका द्वारा विकसित और उपलब्ध कराई जानी चाहिए। साथ ही पथ-विक्रेताओं द्वारा कचरे के उचित भंडारण और नगर पालिका द्वारा संग्रहण व्यवस्था के लिए जिम्मेदारियां तय होनी चाहिए।

कहां

'प्राकृतिक बाजार' में, जो एक बाजार या स्थान है, जहां विक्रेता और ग्राहक पारंपरिक रूप से विशिष्ट उत्पादों या सेवाओं की बिक्री और खरीद के लिए मिलते है, या पथ-विक्रेताओं और ग्राहकों दोनों के लिए सुविधाजनक स्थानों पर।

कैसे

पथ-विक्रेताओं और सड़कों के अन्य उपयोगकर्ताओं के साथ चर्चा करके सड़क डिजाइन की स्थान-विशिष्ट प्रक्रियाएं अपनायी जानी चाहिए।

समनेट सचिवालय

द्वारा, इंस्टिट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड सस्टेनेबिलिटी, भूतल जी-२४, विजय नगर, नई दिल्ली ११०००९ | idsinitiative@gmail.com | फोन: ९१ ०९८६८२००३१६

पर्यावरण शिक्षण केंद्र (सीईई), ए १० गार्डेन एस्टेट, १६७/१, नागरस रोड, औंध, पुणे ४११००७ | sumnetworkindia@gmail.com | फोन: २० २५८९८४४७

यह पोस्टर संस्कृति मेनन, श्रीप्रकाश व सविता भारती दुवारा और रणजीत गाडगिल के सहयोग से विकसित किया गया है।

फोटो: कैरोलिना टेरुएल, संस्कृति मेनन और सविता भारती, सीईई